शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट , दिनांक-31.01.25

श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन में थाना सदर बाजार, कोतवाली ,रामचन्द्रमिशन व अन्य थाना पुलिस द्वारा प्रतिबन्धित (चाइनीज) मांझा के उपयोग, विक्री एवं खरीद को लेकर चलाया गया जागरूकता एवं चेकिंग अभियान।

आज दिनांक 31.01.2025 को श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन में थाना सदर बाजार, कोतवाली, रामचन्द्रमिशन व अन्य थाना पुलिस द्वारा प्रतिबन्धित (चाइनीज) मांझा के उपयोग, विक्री एवं खरीद को लेकर चलाया गया जागरूकता एवं चेकिंग अभियान। सम्बन्धित थाना पुलिस द्वारा बसंत पंचमी पर लोगों द्वारा पतंगे उड़ायी जाती है। जिसके दृष्टिगत प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा की चेकिंग के लिए अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत पतंग बेचने वाली दुकानों पर चेकिंग की गयी व पतंग विक्रेताओं को चाइनीज मांझा खरीदने व बेचने के लिए स्पष्ट मना किया गया । प्रतिबन्धित (चाइनीज) मांझा के उपयोग, बिक्री एवं खरीद को लेकर आमजनमानस के बीच महत्वपूर्ण जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा चाइनीज मांझे का उपयोग जीवन के लिए कितना खतरनाक है, के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। चाइनीज मांझा जो कांच एवं धातु की कोडिंग के कारण बेहद धारदार होता है, जो न केवल लोगों के जीवन के लिए खतरा बन गया है बल्कि पर्यावरण एवं पक्षियों के लिए भी घातक साबित हो रहा है। इसके कारण होने वाली दुर्घटनायें एवं हानियां चिन्ताजनक है। पुलिस ने अपने जागरूकता अभियान के दौरान स्पष्ट संदेश दिया है कि चाइनीज मांझे की खरीद, बिक्री व उपयोग करने वालों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी। चाइनीज मांझे का उपयोग करने वालों पर निगरानी के लिए ड्रोन तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

थाना सदर बाजार, कोतवाली , रामचन्द्रमिशन व अन्य थाना पुलिस द्वारा निम्न बातों पर आमजनमानस को जागरुक भी किया:-

- "सुरक्षित पर्यावरणीय अनुकूल व आनंददायक पतंगबाजी के लिए चाइनीज मांझे का बहिष्कार आवश्यक है। पारम्परिक सूती धागे का प्रयोग करें जो पर्यावरण एवं मानव जीवन के लिए सुरक्षित है"
- ड्रोन तकनीक का प्रयोग कर चाइनीज मांझे का उपयोग करने वालों पर निगरानी की जा रही है।
- चाइनीज मांझे की बिक्री, खरीद व उपयोग करने वालों को चाइनीज मांझों से हुई मृत्यु/घायल का जिम्मेदार मानते हुए दर्ज किये जायेंगे मुकदमें। चाइनीज मांझे के कारण लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं, विशेषकर मोटरसाइकिल सवार।
  - यदि कहीं चाइनीज मांझे की बिक्री, खरीद व उपयोग किया जा रहा है तो इस सम्बन्ध में तत्काल सम्बन्धित थाना पुलिस को सूचित करें।
- जनपद पुलिस द्वारा आमजनमानस को समझाया गया की अपने परिवार व आसपास के लोगों एवं बच्चों को चाइनीज मांझे के खतरों के बारे में बतायें।